दिनांक14.09.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग बैन के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया गया व रैली का हुआ आयोजन

भिलाईनगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं इसी तारतम्य में समस्त जोन क्षेत्रों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग बैन के प्रति जन जागरूकता लाने मुहिम छेड़ दी है!

नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 की तैयारी के संबंध मे समस्त जोन आयुक्त को पत्र जारी करने के बाद इसकी कवायद समस्त जोन क्षेत्र में तेज हो गई है स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में भिलाई शहर को नंबर वन बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है इसी कड़ी में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग न करने के लिए रैली का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग करना अत्यंत घातक है इसका निपटान करना भी बहुत ही कठिन है , इधर उधर फैलने वाले प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग पर रोक लगाना आवश्यक है जिसके लिए निगम भिलाई सतत प्रयासरत है! प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग पर लगाम कसने के लिए चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं व्यापारी संघ के साथ निगम अधिकारियों की बैठक भी हो चुकी है जिसमें व्यापारियों का समर्थन भी निगम को मिल रहा है पॉलीमर्स एसोसिएशन की ओर से 10000 कपड़े से बना हुआ थैला प्रदान किया जाएगा जिसे प्लास्टिक कैरी बैग के जगह पर इस्तेमाल किया जा सकेगा इसे बनाने का कार्य प्रगति पर है! लगातार उड़नदस्ता की टीम द्वारा प्रतिबंधित